प्लांटेशन ड्राइव में आईआईएम छात्रों ने लगाए पौधे, दिए वित्तीय प्रबंधन के टिप्स

रायपुर। आईआईएम में एलुमनी मीट रखा गया। देश के विभिन्न हिस्सों से इसमें शामिल होने के लिए पूर्व छात्र पहुंचे। पूर्व छात्रों के परिवार भी इसमें शामिल हुए। कई तरह के रोचक सत्र छात्रों के लिए रखे गए। यहां उन्होंने ना सिर्फ पुराने दिनों को याद किया बल्कि भविष्य के लिए अपनी योजनाएं भी बताई। पुराने शिक्षकों और दोस्तों से मिलकर उनके चेहरे भी खिले नजर आए। वर्तमान में अध्ययनरत छात्र भी इस आयोजन का हिस्सा बने। पुराने छात्रों से वित्तीय ज्ञान, कामकाजी तरीकों के अतिरिक्त अन्य जानकारी उन्होंने हासिल की।

आईआईएम में रखी गई एलुमनी मीट

साझा किए अनुभव

विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित एल्युमनाई ने पहले साल के छात्रों संग अपने अनुभव साझा किया। एक विशेष सत्र व्यक्तिगत वित्तीय योजना पर आधारित रहा। इसमें छात्रों को उनके पेशेवर सफर के लिए आवश्यक वित्तीय ज्ञान प्रदान किया गया। यह सत्र व्यक्तिगत वित्त जागरूकता को बढ़ाने के लिए रखा गया था। पूर्व छात्रों ने वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों को बताया कि किस तरह के व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में वित्तीय सामंजस्य रखा जा सकता है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखाई यात्रा

एलुमनी में शामिल होने वाले कई छात्र ऐसे थे, जिनक पढ़ाई पुराने कैंपस में हुई थी। इन छात्रों के लिए कैंपस यात्रा रखी गई। वर्तमान बैच के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कई प्रस्तुतियां पुरानी यादों को समेटे हुई रही। डीजे नाइट भी रखा गया। प्लांटेशन ड्राइव में वृक्षारोपण किया गया। कैंपस के भीतर ही यह अभियान चलाया गया, जिसमें एल्युमनाई और उनके परिवारों की उत्साही भागीदारी रही। डायरेक्टर प्रो. राम कुमार काकनी सहित प्रो.अर्चना पाराशर, प्रो. सत्यसिब्हा दास, प्रो.रश्मि शुक्ला, कर्नल हरिंद्र त्रिपाठी आदि शामिल रहे। कई तरह के अन्य आयोजन भी इस दौरान किए गए।

Haribhoomi, 12th Dec. 2023,p. 1(Haribhoomi Live)